*** अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने से पूर्व विज्ञप्ति के अन्त में दिए गए निर्देशों को भलीभॉति अवश्य पढ़ लें।**

## 1. पदनाम— सहायक लेखाकार

**पद कोड—135** **कुल पद—93**

(*i*)रिक्तियों का विवरण एवं क्षैतिज आरक्षण की स्थिति :—

| पदनाम/विभाग का नाम | श्रेणी | रिक्त पद | क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत रिक्त पदों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **WO (30%)** | **DFF (02%)** | **Ex (05%)** | **PH (04%)** | **Others** |
| **सहायक लेखाकार** (गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय) | अ0जा0 *(SC)* | 20 | 07 | — | 01 | *03* **(OA, OL)** | 11 |
| | अ0ज0जा0 *(ST)* | 04 | 01 | — | — | | 03 |
| | अ0पि0व0 *(OBC)* | 15 | 04 | — | 01 | | 10 |
| | आ0क0व0 *(EWS)* | 08 | 02 | — | — | | 06 |
| | सामान्य *(GEN)* | 46 | 13 | 01 | 02 | | 28 |
| | **योग** | **93** | **27** | **01** | **04** | **03** | **58** |

**नोटः—**शासनादेश संख्याः *1673/XXX(2)/2010* दिनांक 10 नवम्बर, 2010 के अनुरूप दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पदों को अलग—अलग आरक्षण श्रेणी में आबंटित नही किया गया है, तथापि आवेदन—पत्र में दिव्यांग अभ्यर्थी अपनी आरक्षण श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करेंगे, जिससे चयन के उपरांत उन्हें विभागीय आरक्षण रोस्टर में संबंधित श्रेणी में समायोजित *(Adjust)* किया जा सके। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी अपनी दिव्यांगता *[OA,OL]* के अनुरूप ही आवेदन—पत्र भरें। क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत दिव्यांगों को उत्तराखण्ड शासन के शाासनादेश संख्याः *312(1)/XXX(2)/2017*दिनांक 27 अक्टूबर, 2017 के प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देयहोगा।

**(ii) वेतनमानः—**5200—20200 ग्रेड वेतन—2800
(29200—92300, लेवल—5 सातवें वेतनमान के अनुसार)

**(iii) पद का स्वरूपः—**अराजपत्रित/स्थायी/अंशदायी पेंशनयुक्त।

**(iv) <u>शैक्षिक अर्हताः—</u>**

1—मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक अथवा बी0बी0ए0 *(Bacholor in Business Administration)*अथवा पोस्ट ग्रेजुएट इन एकाउन्टेंसी।

2— हिन्दी टंकण में 4000 की—डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति।

**<u>अधिमानः—</u>**लिखित परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने पर आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को चयन सूची में ऊपर रखा जायेगा।

